रजिस्टर्ड/कोर्टकेस/अतिमहत्वपूर्ण/परिपत्र

प्रेषक,

निदेशक, मत्स्य,
उ0प्र0, लखनऊ।

सेवा में,

1- समस्त उप निदेशक, मत्स्य
उत्तर प्रदेश।

2- समस्त सहायक निदेशक मत्स्य/
मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मत्स्य पालक विकास अभिकरण, उत्तर प्रदेश।

पत्र संख्या- /स्था0शा0/कोर्टकेस/सा0पत्रा-5/परिपत्र दिनांक- 25.01.2022

विषय- मा0 उच्च न्यायालय आदि में योजित/विचाराधीन/निर्णीत याचिकाओं व वादों से सम्बन्धित अन्य प्रकरणों में में प्रेषित किये जाने वाले पत्रों के संलग्नकों सहित एवं सम्बन्धित अन्य समस्त अभिलेखों की साफ्ट कापी में प्रति उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषय के संदर्भ में अवगत कराना है कि **निदेशालय स्तर पर पत्रावली का संचालन ई-आफिस के माध्यम से प्रारम्भ किया गया है**, जिसके अन्तर्गत प्रथम चरण के रुप में स्थापना एवं नियोजन शाखा के कार्यो का संचालन उक्त प्रणाली के अन्तर्गत प्रारम्भ किया जा चुका है। उक्त के फलस्वरुप सम्बन्धित शाखाओं को प्राप्त होने वाले **पत्रों एवं संलग्नकों तथा अन्य प्रेषित किये जाने वाले अभिलेख आपके कार्यालय द्वारा हार्ड कापी के साथ सा्फ्ट् कापी के रुप में निदेशालय को उपलब्ध कराया जाना अनिवार्य होगा**, ताकि प्राप्त पत्रों पर आवश्यक अपेक्षित कार्यवाही सुगमता से एवं शीघ्रता से कार्यालय द्वारा सुनिश्चित की जा सके।

अत: उक्त के दृष्टिगत अनुरोध है कि अग्रेतर उपरोक्त शाखाओं से प्राप्त पत्रों के उत्तर पत्रों, उनके संलग्नकों एवं अन्य प्रेषित किये जाने वाले सम्बन्धित **समस्त अभिलेखों की, जिनके अन्तर्गत वाद सम्बन्धी प्रकरणों में याचिकाओं की प्रति, प्रस्तरवार आख्या, प्रतिशपथ पत्र आदि अन्य कोई भी प्रेषित किये जाने वाले अभिलेख सम्मिलित हैं, हार्ड कापी के अतिरिक्त साफ्ट कापी (स्पष्ट पठनीय एवं पी0डी0एफ0 के रुप में) ई-मेल के माध्यम से अनिवार्य रुप से उपलब्ध कराये जायें अन्यथा आपका पत्र अथवा प्रतिउत्तर प्रेषित किया जाना अपूर्ण माना जायेगा एवं इस सम्बन्ध में** किसी बिलम्ब अथवा कार्य के लम्बित अवस्था हेतु सम्बन्धित कार्यालय जिम्मेदार होंगे।

कृपया तद्नुसार उक्त आदेशों का तत्काल प्रभाव से अनुपालन सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

**साफ्ट कापी हेतु ई-मेल-** 1- fisheries.mpr@gmail.com
2- santosh.61189@gov.in (मात्र कोर्टकेस/स्थापना शाखा से सम्बन्धित पत्र एवं अभिलेखों हेतु)

**भवदीय**

Signed by Harendra Prasad
Date: 25-01-2022 11:31:50
(डा0 हरेन्द्र प्रसाद)
उप निदेशक मत्स्य (मुख्यालय)
कृते निदेशक मत्स्य,उ0प्र0,लखनऊ।

पत्र संख्या:- 290 /स्था0शा0/कोर्ट केस दिनॉक -उक्त।

1- प्रतिलिपि उप सचिव, मत्स्य उत्पादन अनुभाग, उ0 प्र0 शासन, सचिवालय लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित।
2- मुख्यालय के समस्त अधिकारीगणों को उक्त संदर्भ में उनके स्तर पर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
3- वेब आफिसर, मुख्यालय को इस निर्देश सहित प्रेषित कि विभाग की वेबसाइट पर उक्त पत्र की प्रति अपलोड करना सुनिश्चित करें।